# मंडलायुक्त ने किया नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

शाहजहांपुर। रमेश कुमार मंडलायुक्त बरेली द्वारा आज नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में बनाए गए कोविड-19 हेल्पडेस्क के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जिससे संबंधित नगर निगम के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कोविड-19 हेल्पडेस्क के माध्यम से नगर में आमजन के द्वारा सैनिटाइजेशन, फंगिंग, सफाई व अन्य समस्याओं को फोन के माध्यम से दर्ज किया जाता है और तत्काल रुप से उन सभी समस्याओं का निराकरण कराया जाता है। इसके बाद मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण के दृष्टिगत रखते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही ना की जाए। बैठक में जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रामसेवक द्विवेदी, अपार नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी गौतम आदि कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इसके पूर्व मण्डलायुक्त ने पुलिस लाइन में कोविड वैक्सीनेशन सेन्टर का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने पुलिस लाइन में बैरिक में जाकर वहां की व्यवस्थाएं देखी जो संतोषजन मिली।

